**UNIVERSITY OF LUCKNOW**

**Prof. Aashees Awasthi**
**Chief Provost**

**Date: 08.08.2026**

## <u>स्पष्टीकरण पत्र</u>

**विषयः विश्वविद्यालय के हॉस्टल मेस शुल्क में वृद्धि के संबंध में स्पष्टीकरण।**

महोदय/महोदया,

लखनऊ विश्वविद्यालय के हॉस्टल मेस शुल्क में वृद्धि किए जाने संबंधी कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मेस शुल्क में किसी भी प्रकार की फीस वृद्धि नहीं की गई है।

इस संबंध में निम्नलिखित तथ्य स्पष्ट किए जाना आवश्यक है–

**1. रिफंडेबल कॉशन मनी में संशोधनः**

छात्रों के लिए प्रदर्शित शुल्क ₹37,738 से ₹40,000 तथा छात्राओं के लिए ₹29,192 से ₹32,000 हुआ है। इसमें मुख्य रूप से कॉशन मनी ₹2,000 से बढ़ाकर ₹3,000 की गई है। कॉशन मनी में ₹1,000 की यह वृद्धि पूर्णतः रिफंडेबल है तथा हॉस्टल/मेस छोड़ते समय नियमानुसार छात्र-छात्राओं को वापस कर दी जाएगी। अतः इसे मेस शुल्क में वास्तविक वृद्धि नहीं माना जा सकता।

**2. आगामी मेस टेंडर के अनुसार समायोजनः**

कॉशन मनी के अतिरिक्त प्रदर्शित राशि में जो अंतर दिखाई दे रहा है, उसका समायोजन आगामी नए मेस टेंडर में स्वीकृत आधिकारिक दरों के अनुसार नियमानुसार किया जाएगा।

अतः कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित मेस फीस में वृद्धि संबंधी समाचार तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से अनुरोध करता है कि वे ऐसी भ्रामक सूचनाओं अथवा अफवाहों पर विश्वास न करें तथा केवल विश्वविद्यालय द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं को ही प्रमाणिक मानें।

**विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र-छात्राओं के हितों के प्रति पूर्णतः संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है।**

भवदीय,

(प्रोफेसर आशीष अवस्थी)